# PRE MID TERM EXAMINATION (2026-27)

## HINDI (085) SET –1

Class : X | Duration: 1.00 Hrs

Date : 22.07.2026 | Max. Marks: 25

Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्य निर्देश:-1 इस प्रश्न पत्र में पाँच प्रश्न है ।

2 उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखें ।

3 प्रश्नों के निर्देश ध्यान पूर्वक अवश्य पढ़े ।

---

प्रश्न 1 निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।  ( अंक 5 )

मॉन्यूमेंट के नीचे जहां शाम को सभा होने वाली थी| उस जगह को तो भर में 6:00 से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था पर तब भी कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया| श्रद्धानंद पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा  तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया तथा और लोगों को मारा पीटा तथा  हटा दिया तारा सुंदरी पार्क में बड़ा बाजार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए पर वह भीतर न जा सके वहां पर काफी मारपीट हुई और दो-चार आदमियों के सिर फट गए| गुजराती सेविका संघ की ओर से जुलूस निकाला जिसमें बहुत सी लड़कियां थी उनको गिरफ्तार कर लिया | 11:00 मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों ने अपने विद्यालय में झंडोत्सव मनाया| जानकी देवी मदालसा आदि भी गई थी लड़कियों को उत्सव का क्या मतलब है समझाया गया |एक बार मोटर में बैठकर सब तरफ घूम कर देखा तो बहुत अच्छा मालूम हो रहा था| जगह-जगह फोटो उतार रहे थे| अपने भी फोटो का काफी प्रबंध किया था । दो - तीन बजे कई आदमियों को पकड़ लिया गया । जिसमें मुख्य पूर्णोदास और पुरुषोत्तम राय थे |

क)  दो-तीन बजे पकड़े गए लोगों में मुख्य कौन थे ?

1 मदालसा

2 पुरुषोत्तम राय

3 पूर्णोदास

4   2 तथा 3 दोनों

ख) किस जगह को पुलिस ने प्रातः छह बजे ही घेर लिया था?

1 श्रद्धानंद पार्क को

2 मोन्यूमेंट के नीचे की जगह को

3 शाम की सभा के स्थान को

4  2 तथा 3 दोनों

ग) निम्नलिखित कथन कारण को ध्यान से पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए

कथन - तारा सुंदरी पार्क में झंडा नहीं फहराया जा सका ।

कारण - कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री वहाँ तक पहुँच नहीं सके।

1 कथन सही है कारण गलत है ।

2 कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या करता है।

3 कथन और कारण दोनों गलत हैं।

4 कथन गलत है और कारण सही है।

घ) पुलिस द्वारा किन लड़कियों को गिरफ्तार कर लिया गया ?

1) बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ की लड़कियों को

2) बड़ा बाजार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री के साथ की लड़कियों को

3) गुजराती सेविका संघ की लड़कियों को

4) इनमें से कोई नहीं

ड.) मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों ने कहाँ झंडोत्सव मनाया?

1) श्रद्धानंद पार्क में

2) तारा सुंदरी पार्क में

3) अपने विद्यालय में

4) कहीं भी नहीं

प्रश्न 2 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए| (अंक 7)

1) मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों ने अपने विद्यालय में झंडोत्सव मनाया | (रचना के आधार पर वाक्य का भेद बताइए)

2) सुभाष बाबू को गाड़ी में बैठाकर लाल बाज़ार लॉकअप भेज दिया गया।( मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए)

3) साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई | (रेखांकित पदबंध पहचान कर लिखिए)

4) सुभाष बाबू बड़े ज़ोर से वंदे मातरम बोलते थे | (क्रिया पदबंध को चुनकर लिखिए)

5) घोड़े पर सवार होकर सिपाही सवेरे से ही मोन्यूमेंट के पास तैनातथे|(समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए)

6) आज का दिन तो अमर दिन था| ( समास को छाँटकर विग्रह करते हुए भेद बताइए)

7) ठंडा पड़ना (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए |)

प्रश्न 3) निम्न प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (अंक 6)

1) धर्मतल्ले पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

2) मीराबाई श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती हैं?

3) मीराबाई श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया हैं ?

प्रश्न 4) भारत सरकार की ओर से जल संरक्षण हेतु एक विज्ञापन 25-30 शब्दों में तैयार कीजिए।(अंक 3)

प्रश्न 5) आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित होने वाली है | प्रधानाचार्य की ओर से सूचना तैयार कीजिए | (अंक 4)

===================== समाप्त ============================